Indian Library Association
भारतीय पुस्तकालय संघ, नई दिल्ली
(Registered under the Societies Registration Act, 1860)

Founded 1933

Dr. O. N. Chaubey
General Secretary

+91 9868103286

Ref. No.: ILA/GS/ Rep/2022-25/ii　　　　**Dated:** 23.05.2022

श्री नीतीश कुमार
माननीय मुख्यमंत्री
बिहार सरकार, पटना

सादर प्रणाम।

विनम्र निवेदन के साथ कहना है कि इंडियन लाइब्रेरी एसोसिएशन, नई दिल्ली एक राष्ट्रीय पुस्तकालय संघ है। 1933 में स्थापित यह संघ देश के विभिन्न क्षेत्रों के पुस्तकालयों एवं इसके कर्मियों की बेहतरी के लिए सदैव तत्परता से कार्यरत है। संघ से जुड़े अनेकों छात्र छात्राएँ आपके प्रदेश के विभिन विश्वविद्यालयों में संचालित यूजीसी से मान्यता प्राप्त लाइब्रेरी साइंस कोर्स बी. लिब. /एम. लिब की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। ये सदस्य निरंतर हमें नौकरी की मांग से संदर्भित पत्राचार करते हैं। बिहार प्रदेश से प्रकाशित विभिन्न समाचारपत्रों, सोशल मीडिया जैसे– फेसबुक, ट्विटर जैसे सूचना सम्प्रेषण के माध्यमों से हमे ज्ञात हुआ कि विगत 12 वर्षों से आपके सरकारी शिक्षण संस्थानों में लाइब्रेरियन पद सृजित होने के बावजूद **भर्ती** नहीं की गयी हैं। UGC/NCTE/AICTE/NEP के नियमावली अनुसार प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में एक पुस्तकालय कि अनिवार्यता उल्लिखित है। आपके राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों यथा माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, डिग्री कॉलेज, तकनीकी शिक्षा देनेवाली संस्थाएं, टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज आदि सभी में एक पुस्तकालय अनिवार्य रूप से स्थापित होंगी और इसके उपयोगिता के लिए लाइब्रेरियन/ सहायक लाइब्रेरियन/ लाइब्रेरी अटेंडेंट की नितांत आवश्यकता है। इस पद पर बहाली आवश्यक है। हमें यह भी ज्ञात हुआ है कि प्रदेश के सरकारी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेजों में लाइब्रेरियन पद पर **भर्ती** न करके यहाँ पदस्थापित सहायक प्राध्यापकों को लाइब्रेरी देखरेख करने का विभागीय आदेश जारी किया गया है जो NCTE(National Council for Teacher Education) के नियमावली के विरुद्ध है।

अतः आपसे आग्रह है कि बिहार प्रदेश के सभी सरकारी स्तर के शिक्षण संस्थानों में जहां लाइब्रेरियन कि बहाली वर्षों से नहीं की गई हैं, यथाशीघ्र बहाल करने की कृपा करेंगे।

साभार

ON Chaubey

डॉ० ओपेन्द्रनाथ चौबे
महासचिव
भारतीय पुस्तकालय संघ, नई दिल्ली

A/40-41, Flat No.-201, Ansal Buildings, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi – 110009 (INDIA)
Ph.: 011 27651743, Email: ilageneralsecretary@gmail.com, Website: http://www.ilaindia.net